आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने कहा– देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।
- प्रदेश में गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुचारू रूप से जारी। खाद्य आयुक्त ने लोगों से अनावश्यक बुकिंग से बचने की अपील की।
- कोटद्वार में हिमालयन इंडस्ट्री और बिज़नेस एक्सपो संपन्न, विधानसभा अध्यक्ष ने उद्यमियों से प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।
- कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने 'घनसाली शताब्दी वर्ष' समारोह में पहाड़ी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष बल दिया।
- और... प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील दोहराई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि उपभोक्ताओं को सहयोग देने के लिए, पेट्रोल और

डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया गया है। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क भी लगाया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति संकट से पहले स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## गैस आपूर्ति

प्रदेश में गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुचारू रूप से जारी है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। यह जानकारी देते हुए राज्य के खाद्य आयुक्त आनंद स्वरूप ने कहा है कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों के वैश्विक संकट के कारण कुछ समय के लिए दिक्कतें आई थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति लगभग सामान्य है और अस्पतालों तथा शैक्षणिक संस्थानों को भी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी सुचारू रूप से की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनज़र केंद्र सरकार से अतिरिक्त गैस की मांग की जाएगी। साथ ही खाद्य आयुक्त ने लोगों से अपील की कि अनावश्यक बुकिंग से बचें, क्योंकि स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

## बिजनेस एक्सपो

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने उद्यमियों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उद्योगों का विस्तार करने और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। वे पौड़ी जिले के कोटद्वार में आयोजित "हिमालयन इंडस्ट्री और बिज़नेस एक्सपो" के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय उत्पादों को नई पहचान देते हैं, बल्कि स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करते हैं।

इस दौरान श्रीमती खण्डूड़ी ने एक्सपो में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों के उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प और उद्यमियों के नवाचारों की सराहना की।

## घनसाली शताब्दी समारोह

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने टिहरी जिले में आयोजित 'घनसाली शताब्दी वर्ष' समारोह को संबोधित करते हुए पहाड़ी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मेले, त्योहार और सांस्कृतिक आयोजन राज्य की पहचान हैं और इन्हें संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

अपने संबोधन में श्री गोदियाल ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति को सहेजने के लिए ऐसे आयोजनों का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की

जिम्मेदारी है कि वे अपनी जड़ों और परंपराओं को सुरक्षित रखे, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी विरासत से जुड़ी रहें।

## "ऑपरेशन क्रैकडाउन"

राजधानी देहरादून में "ऑपरेशन क्रैकडाउन" के तहत पुलिस ने फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से रह रही तीन विदेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

रायपुर क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के दौरान पुलिस को एक फ्लैट में तीन विदेशी महिलाएं संदिग्ध परिस्थितियों में निवास करती हुई मिलीं। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस अभियान के अंतर्गत सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## तिरंगा लाइटें

सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने और शहर को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से तिरंगा लाइटें लगाई जा रही हैं। इन लाइटों की रोशनी से अल्मोड़ा शहर शाम होते ही जगमगाता नजर आ रहा है। मॉल रोड पर देर शाम तक लोगों की आवाजाही भी बढ़ गई है और बाहर से आने वाले पर्यटक भी इस दृश्य से प्रभावित हो रहे हैं।

अल्मोड़ा नगर निगम की आयुक्त सीमा विश्वकर्मा ने कहा कि शहर की सुंदरता को नया आयाम देने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों और पार्कों में तिरंगा लाइटें लगाई जा रही हैं। इससे न केवल पार्कों और मुख्य मार्गों की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि अल्मोड़ा के रात्रिकालीन स्वरूप को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि लाइटें लगने से शहर में आने–जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## महावीर जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महावीर जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में श्री धामी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शांति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम और आत्मसंयम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं समाज में नैतिकता और सदाचार को बढ़ावा देती हैं।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार इस अवधि में राज्य के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

विभाग ने कल भी प्रदेश में बारिश का अनुमान व्यक्त किया है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

देवनगरी हरिद्वार में होने वाले कुंभ के निर्माण कार्यों के लिए बजट जारी किए जाने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। नवोदय टाइम्स लिखता है – हरिद्वार कुंभ के निर्माण कार्यों के लिए 200 करोड़ का बजट जारी।

उत्तराखंड में बारिश की चेतावनी पर दैनिक जागरण की सुर्खी है – प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आज ओलावृष्टि और अंधड़ का अलर्ट

चारधाम के लिए आज से जारी होंगे ग्रीन कार्ड, हरिद्वार एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मंत्री करेंगे शुभारंभ– अमर उजाला का शीर्षक